


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, गुरुवार, 26 फरवरी-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 158 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# सुप्रीमकोर्ट ने किताब बैन की

## हार्ड कॉपी वापस लेने और डिजिटल कॉपी हटाने का निर्देश

● विवादित चैप्टर लिखने वाले लेखकों के नाम और उनकी योग्यता पूछी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' चैप्टर वाली NCERT की किताब बैन कर दी है। गुरुवार को चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने 8वीं क्लास की सोशल साइंस की यह किताब छांपने और बांटने पर रोक लगा दी। पहले भेजी गईं किताबें वापस लेने और डिजिटल कॉपियां हटाने का आदेश भी दिया। कोर्ट ने इस मामले में NCERT डायरेक्टर और केंद्रीय शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सिलेबस से जुड़ी बैठकों की कार्यवाही और विवादित चैप्टर लिखने वाले लेखकों के नाम और उनकी योग्यता बताने को भी कहा है। CJI ने कहा- यह न्यायपालिका को बदनाम करने की गहरी और सोची-समझी साजिश लगती है। जिम्मेदारों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गहराई से जांच होगी और केस बंद नहीं होगा। NCERT पर अवमानना की कार्रवाई भी हो सकती है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने खुद नोटिस लिया है। अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी। बुधवार को ण्व्ह की फटकार के बाद NCERT ने इस मामले में माफी मांग ली थी। इस मामले में सरकारी सूत्रों ने कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित आंकड़े संसदीय अभिलेखों और नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड में मौजूद हैं, लेकिन फैक्ट्स के क्रॉस वेरिफिकेशन के लिए केंद्र से परामर्श नहीं लिया गया।

### डिजिटल वर्जन को बांटना कोर्ट के आदेश का जानबूझकर उल्लंघन

केंद्र और राज्यों के शिक्षा विभाग तय करें कि किताब चाहे स्कूलों में हो, छपी हुई हों या डिजिटल, तुरंत लोगों की पहुंच से हटाई जाए। किताब के प्रिंटेड या डिजिटल वर्जन को बांटना कोर्ट के आदेश का जानबूझकर उल्लंघन माना जाएगा। सभी राज्यों के शिक्षा विभाग के मुख्य सचिव 2 हफ्ते में इस मामले में कार्रवाई की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपें। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद कोर्ट कमेटी बनाएगा, जो पूरे मामले की जा-ंच करेगी और जिम्मेदार लोगों की पहचान करेगी।

### एनसीईआरटी के निदेशक को कारण बताना होगा

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को इस किताब की सभी कॉपियों को जब्त करने का आदेश दिया है और साथ ही इसके डिजिटल प्रिंट को भी हटाने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी दी कि अगर उसके इस आदेश के पालन में कोताही बरती गई तो गंभीर कार्रवाई की जाएगा

### पुलिस थानों में खराब CCTV पर अदालत सख्त

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी को लेकर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों को निर्देश दिया है कि वे एक केंद्रीयकृत डैशबोर्ड और सीसीटीवी मानकीकरण से जुड़ी बैठक में अनिवार्य रूप से भाग लें। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे द्वारा दी गई दलीलों के बाद यह आदेश पारित किया।

## जापान में सीएम योगी ने लिया हवा में तैरती ट्रेन का अनुभव



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावना का विस्तार देने जापान दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मैग्लेव ट्रेन में यात्रा की। टोक्यो में हाई-स्पीड मैग्लेव ट्रेन की यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने ट्रेन की 600 किमी/घंटा से अधिक की रफ्तार का रोमांचक अनुभव लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने जापान दौरे के दौरान टोक्यो में हाई-स्पीड मैग्लेव (Maglev) ट्रेन में सफर किया, जो चुंबकीय शक्ति से हवा में तैरते हुए 600 किमी/घंटा से अधिक की रफ्तार से चलती है। उन्होंने ट्रेन की 100 किलोमीटर की यह परीक्षण यात्रा की, जिसका उद्देश्य यूपी में आधुनिक परिवहन बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए नई तकनीक को समझना था।

## बसपा विधायक और करीबियों के घर से 10 करोड़ कैश बरामद



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बसपा के इकलौते विधायक उमाशंकर सिंह और उनके करीबियों के घर पर बुधवार से जारी आयकर टीम का छापा गुरुवार को समाप्त हो गया। उनके घर से 10 करोड़ की नकदी बरामद हुई है। अभी उनके ऑफिस और अन्य स्थानों पर कार्रवाई जारी है। विपुलखंड स्थित उनके आवास पर कार्रवाई पूरी हो गई है। बलिया की रसड़ा विधानसभा सीट से एकमात्र बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के ठिकानों पर बुधवार को आयकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। लखनऊ, बलिया, सोनभद्र, कौशांबी, मिर्जापुर और प्रयागराज में 30 से अधिक स्थानों पर एक साथ छापे मारे गए। 50 से ज्यादा अधिकारियों की टीमें सुबह 11 बजे से देर रात तक जांच में जुटी रहीं। खबर लिखे जाने तक तीन करोड़ रुपये से अधिक की नकदी गिनी जा चुकी थी।

## बसपा विधायक के यहां छापे को अखिलेश यादव ने बताया सरकारी डकैती



**लखनऊ।** कैंसर पीड़ित बहुजन समाज पार्टी के इकलौते विधायक उमाशंकर सिंह के लखनऊ और अन्य स्थानों पर आवास व प्रतिष्ठानों पर आयकर विभाग के छापों के बाद राजनीति बेहद गरम हो गई है। योगी आदित्यनाथ सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह व बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इसकी कड़े शब्दों में निंदा की है। दलगत राजनीति के ऊपर उठकर अखिलेश यादव की इस प्रतिक्रिया को मील के पत्थर के रूप में भी देखा जा रहा है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर उमाशंकर सिंह के आवास व प्रतिष्ठानों पर छापों को भाजपा की सरकारी डकैती बताया है। अखिलेश यादव ने लिखा है, भाजपाई छापे सरकारी डकैती होते हैं। भाजपा के छापे लोगों के कमाये गये पैसों को लूटने का काम करते हैं। भाजपाई जहां भी देखते हैं कि कहीं धन-दौलत जमा होने की संभावना हो सकती है, वहां अपनी एजेंसियां लेकर पहुंच जाते हैं।

## बीजापुर के जंगलों में सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को मार गिराया

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में गुरुवार सुबह सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए। सुरक्षाबलों द्वारा बीजापुर में इंद्रावती नदी के पास स्थित जंगलों में की गई कार्रवाई के बाद एसएलआर (SLR) और एक इंसास राइफल सहित भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुरुवार सुबह इंद्रावती नदी के किनारे जंगल में गोलीबारी शुरू हुई, जब सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। उन्होंने बताया कि बंदूकें शांत होने के बाद, वर्दी पहने दो नक्सलियों के शव, एक सेल्फ-लोडिंग राइफल, एक इंसास राइफल और एक 12-बोर राइफल मौके से बरामद की गईं।

## उन्नाव में 1000 से ज्यादा घरों पर चलेगा बुलडोजर

**उन्नाव।** रेलवे की जमीन पर अवैध कब्जों को हटाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कब्जेदारों की धड़कन बढ़ गई है। शहर, मगरवारा और शुक्लागंज के बीच रेलवे की जमीन पर 1000 से अधिक कच्चे-पक्के मकान व झुग्गी स्थापित हैं। पूर्व में रेलवे की मिली नोटिस व सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के बाद अवैध निर्माण कर रह रहे लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं। डीआरएम ने बताया कि सारी जमीन पर अवैध कब्जा है।

## राहुल ने सरकार को ट्रेड डील पर घेरा



**कन्नूर।** केरल दौरे पर पहुंचे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर केंद्र सरकार को घेरा। कन्नूर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भारत तभी सफल हो सकता है जब हमारे किसानों का सम्मान और सुरक्षा हो। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पेरावूर में किसान सम्मेलन में शामिल हुए। जहां उन्होंने कहा, 'मैं जब भी किसानों के बारे में सुनता हूं तो वे हमेशा दुख और तकलीफ सहते रहते हैं। सच तो यह है कि आपके पास कोल्ड स्टोरेज नहीं है, जब आप बोल रहे थे, उस समय मैं इस बिल्डिंग के बारे में सोच रहा था। बिल्डिंग बनाने के लिए उसे सही नींव के बिना बनाना मुमकिन नहीं है..

## हरे निशान पर खुला भारतीय शेयर बाजार सेंसेक्स 255 अंक चढ़ा, निफ्टी 25500 के पार



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को हरे निशान पर खुला। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 254.75 अंक या 0.31 प्रतिशत बढ़कर 82,530.82 अंक पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 63.15 अंक या 0.25 प्रतिशत बढ़कर 25,545.65 अंक पर आ गया।

## सर्राफा बाजार में दिखी गिरावट चांदी 3000 तक टूटी, सोना 430 सस्ता



**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमत में गुरुवार को गिरावट देखने को मिली। चांदी की कीमत 2970 रुपये गिरकर 2.66 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 430 रुपये गिरकर 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

## नाबालिग बच्चों से कुकर्म की मेडिकल रिपोर्ट में पुष्टि!



● शंकराचार्य प्रकरण में बटुक का मीडिया के सामने बयान

**वाराणसी।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में बच्चों की मेडिकल रिपोर्ट आ गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, उनके साथ कुकर्म की पुष्टि हुई है। बुधवार को पुलिस ने पीड़ित नाबालिगों का मेडिकल टेस्ट कराया था। गुरुवार को जांच अधिकारी को रिपोर्ट सौंप दी गई। अब इसे शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। इधर, एक पीड़ित बटुक पहली बार मीडिया के सामने आया। उसने दावा किया- मैं अध्ययन के लिए गया था, तभी मेरा शोषण किया गया। हमारे साथ और भी बच्चे थे, उनका भी शोषण किया गया। किसने शोषण किया? इस पर पीड़ित ने कहा- अविमुक्तेश्वरानंद, उनके शिष्य मुकुंदानंद। माघ मेले में भी 16 जनवरी को मेरा शोषण किया।




# बेवफाई और तन्हाई से मायूस यूट्यूबर ने जिन्दगी को कहा अलविदा

## मां को भेजा आखिरी पैगाम-आई लव यू मम्मी

● कर रही थी बीएसी की पढ़ाई



**नई दिल्ली।** हैदराबाद में 21 साल की युवा यूट्यूबर बोनू कोमाली ने अपनी जान दे दी। मौत से कुछ घंटे पहले उसने कुवैत में काम करने वाली अपनी मां को मैसेज भेजा, 'आई लव यू मम्मी सो मच'। इसके बाद उसका फोन स्विच ऑफ हो गया। मां की चिंता बढ़ी, दोस्त को भेजा तो शाम को पड़ोसियों की उपस्थिति में दरवाजा तोड़कर अंदर गयी तो कोमाली को छत के पंखे से लटका पाया। कोमाली आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम की रहने वाली थी। वह पिछले करीब 11 महीनों से हैदराबाद में अकेले रह रही थी। यहां वह एक प्राइवेट कॉलेज में बीएससी की पढ़ाई कर रही थी। इसके साथ ही पार्ट टाइम यूट्यूब पर लाइफस्टाइल और पर्सनल वीडियो बनाती थी। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला कि कोमाली पिछले तीन साल से एक 27 साल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर और साथी यूट्यूबर के साथ रिलेशनशिप में थी। दोनों में हाल में ब्रेकअप हो गया था। यह रिश्ता टूटने से कोमाली बहुत परेशान थी। पुलिस के मुताबिक, भावनात्मक दबाव और लंबे समय से चल रहे रिलेशनशिप विवाद ने उसे इस कदम तक पहुंचाया।

## ब्राजील में बारिश से बाढ़ 46 की मौत, दर्जनों लापता



**रियो डी जेनेरियो।** दक्षिण अमेरिकी देश ब्राजील में कुदरत का भयानक कहर देखने को मिल रहा है। दक्षिण-पूर्व ब्राजील में भीषण बाढ़ से लगातार मृतकों का आंकड़ा बढ़ रहा है। अब तक 46 लोगों की मौत हो गई। कई लोग लापता है, जिनको तलाश जारी है। घर व कस्बे कीचड़ और मलबे से ढंक गए हैं। वहीं सैकड़ों लोग अपने घरों को छोड़ कर पलायन कर गए। दक्षिणपूर्वी ब्राजील के मिनास गेरैस राज्य में आई भीषण बाढ़ में लगातार मृतकों का आंकड़ा बढ़ रहा है। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अगले कुछ दिनों में इस क्षेत्र में और अधिक बारिश होने की आशंका है। इधर, मिनास गेरैस राज्य में बचाव अभियान जारी है। बचाव कर्मचारी स्थिति पर काबू पाने के लिए कोशिश कर रहे हैं।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 30.2°C
● तापमान न्यूनतम : 14.2°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 26 फरवरी, गुरुवार, 2026 (3)





# नयी प्रतिमा से ही निकलेगी पालकी यात्रा

## प्राचीन रजत चल प्रतिमा को पूजन के लिए मंदिर प्रांगण में जाने की अनुमति नहीं

● विश्वाथ मंदिर के पूर्व महंत ने प्रशासन पर उठाये सवाल प्राचीन मूल प्रतिमा कहां है गर्भगृह में लाने से वंचित क्यों किया गया

● अधिकारियों ने कहा-हमारे ऊपर भारी दबाव जर्मन सिल्वर की बनाई गई प्रतिमा से ही होगा परम्परा निर्वहन




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** लोक पति तिवारी पूर्व महंत काशी विश्वनाथ मां-दिर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी रंगभरी एकादशी महोत्सव का आयोजन काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन द्वारा तय कर दिया गया है जिसमें इस वर्ष भी यह स्पष्ट रूप से उल्लेखित है कि बाबा विश्वनाथ की प्राचीन रजत चल प्रतिमा को पूजन के लिए मंदिर प्रांगण में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी और यह स्पष्ट कर दिया गया है कि इस प्राचीन परम्परा के दिन जो तथाकथित रुप से बाबा की नई प्रतिमा टेढ़ीनीम पर बनाई गई है उसी से पालकी यात्रा निकाल कर उसका पूजन मंदिर गर्भगृह में किया जाएगा। 17 फरवरी को पत्रकार वार्ता के पश्चात जिले के सारे अधिकारियों से इस गंभीर प्रकरण को लेकर वार्ता की गयी। सभी ने यह स्पष्ट कर दिया कि हमारे ऊपर शासन सत्ता का बड़ा दबाव है, जिसकी वजह से हम सभी तथाकथित रूप से बनाई गई बाबा विश्वनाथ की नई प्रतिमा जो कि जर्मन सिल्वर की बनाई गई है उसी से परम्परा का निर्वहन करवाने को मजबूर हैं। हम बाबा की प्राचीन रजत चल प्रतिमा को मंदिर में मंगवा कर पूजन करवाने में असमर्थ है। पूर्व महंत ने कहा कि काशी जैसी पौराणिक सांस्कृतिक धार्मिक नगरी में इस तरह के भ्रष्ट अधिकारियों को रहने का कोई भी अधिकार नहीं है जो अपने कर्तव्य और दायित्वों के विपरीत काशी में होने वाली सारी लोक परंपराओं को संचालित करवा रहा है। अगर मंदिर में होने वाली परंपरा प्राचीन है तो उस परंपरा में शामिल होने वाली बाबा की प्राचीन मूल प्रतिमा कहां पर विराजित है और उसे मंदिर प्रांगण में बाबा के गर्भगृह में लाने से वंचित क्यों किया गया है और जब अधिकारियों का यह कहना है कि दोनों परिवार में विवाद है मामला न्यायालय में है तो मंदिर प्रशासन यह कैसे तय कर सकता है की जिस तथाकथित प्रतिमा को लेकर इतना विवाद आगे बढ़ रहा है उसी प्रतिमा को टेढ़ीनीम से मंगवा कर परंपराओं का निर्वहन कर रहा है। इस गंभीर प्रकरण में काशी की जनता ने जनहित याचिका उच्च न्यायालय में मुकदमा भी दर्ज किया है, जिसमें यह कहा गया है कि परंपराओं का निर्वहन चाहे टेढ़ीनीम से हो या बड़ा देव स्थित पंडित लोकपति तिवारी के आवास से हो, मंदिर प्रशासन का यह कर्तव्य है कि वह परंपराओं का निर्वहन बाबा की प्राचीन रजत प्रतिमा से संपन्न करवाये, जिससे हम सभी काशी वासियों की आस्था जुड़ी है।

## अब वकील के मोबाइल पर आयी कचहरी को उड़ा देने की धमकी

● सुरक्षा को लेकर चिंता में डूबे अधिवक्ता



**वाराणसी।** फौजदारी मामलों के वरिष्ठ अधिवक्ता और बार कौंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य श्रीनाथ त्रिपाठी को उनके व्यक्तिगत मोबाइल पर कचहरी और उन्हें बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस गंभीर मामले में उन्होंने त्वरित कार्रवाई की मांग की है। श्रीनाथ त्रिपाठी ने बताया कि उन्होंने जिला जज को भी इस घटना की सूचना दी है, क्योंकि यह मामला कचहरी की सुरक्षा से संबंधित है। कहा कि यह धमकी न केवल उनके लिए, बल्कि कचहरी में उपस्थित सभी लोगों के लिए खतरा है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर पुलिस से संपर्क बना हुआ है और वे मामले की गंभीरता को समझते हुए उचित कार्रवाई कर रहे हैं। बताया कि जिला जज को भी एक पत्र भेजकर उन्होंने प्रकरण से अवगत कराया है।

## वसूली को लेकर निगम ने की सख्ती, बकायेदारों में मचा हड़कंप

**वाराणसी।** वाराणसी नगर निगम ने संपत्ति कर (हाउस टैक्स) को लेकर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर निगम के एक लाख से अधिक बकायादारों पर शिकंजा कसते हुए एक दिन में 1264 बकायादारों की संपत्ति सील कर दी। इन सभी को पूर्व में बकाया जमा करने की नोटिस दी जा चुकी है। ऐसे में 1264 बकायादारों की संपत्ति को सील करते हुए कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी है। जिससे बकायादारों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

## कार्यशाला में 'बौद्धिक संपदा अधिकार एवं साइबर अपराध' पर दी गयी अहम जानकारी



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** महाविद्यालय के बुलानाला परिसर में आज भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही कपिला योजना के अंतर्गत बौद्धिक संपदा अधिकार पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विशेषज्ञों ने छात्रों को बौद्धिक संपदा अधिकार के विषय में विस्तार से बताया। साथ ही, प्रधानमंत्री की समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में भी जानकारी दी गई, जिससे छात्रों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में पता चल सके, विशेषकर वो योजनाएं जो बौद्धिक संपदा अधिकार से संबंधित हैं और साइबर अपराध से निपटने के लिए हैं। कार्यक्रम के संयोजक राजनीतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. आकाश रहे। कार्यक्रम में डा. मीनाक्षी मधुर, डा. नंदिनी सिंह, डा. श्रृंखला सिंह, डा. शुभा सक्सेना, डा. धनंजय सहाय, डा. ऋषि त्रिपाठी, डा. भावना शर्मा, सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी इस कार्यशाला में शामिल हुए।

## समाज को बदलने में ग्रीन आर्मी का योगदान अनुकरणीय




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** होप वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा गठित ग्रीन आर्मी की महिलाओं संग राज्यपाल ने चौपाल लगाया और उनके कार्य की प्रगति को जाना। कहा कि समाज को बदलने में ग्रीन आर्मी का योगदान पूरे प्रदेश में अनुकरणीय है। राज्यपाल महोदया ने ग्रीन आर्मी के लिए तैयार पुस्तक का विमोचन किया। लड़कियों को साइकिल वितरित करने के साथ ही सिलाई सेंटर का अवलोकन किया। जरूरतमंदों को लकड़ी का ठेला देकर स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर संस्था के संस्थापक रवि मिश्रा, सचिव दिव्यांशु उपाध्याय, संदीप गुप्ता, श्यामाकांत, विकास दीक्षित, नितेश, फौजी, सत्यप्रकाश आदि मौजूद थे।

## मंत्री ने किया निर्माण कार्यों का शिलान्यास



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविन्द्र जायसवाल ने बुधवार को त्वरित निधि व पूर्वांचल निधि से 7 स्वीकृत कार्यों का नारायणपुर वार्ड व सरसौली वार्ड में शिलान्यास/उद्घाटन किया। इस अवसर पर राजर्षी मंडल अध्यक्ष विवेक पांडेय, पार्षद रोहित मिश्रा, पार्षद बलिराम कन्नौजिया, मोनू जायसवाल, विनोद, सुरेंद्र यादव, रागिनी यादव, तेजू सोनकर, सचिन सोनकर, सदाफल सोनकर, अभिषेक मिश्रा, गोलू, कल्लू, मल्लू, दीपक सिंह, सुधांशु पांडेय, राजेश व स्थानीय लोग उपस्थित रहें।

## अब काशी में चलेगी तमिल भाषा की पाठशाला

**वाराणसी।** काशी (वाराणसी) और तमिलनाडु के बीच धार्मिक, सांस्कृतिक के साथ शैक्षणिक संबंधों को और मजबूत बनाने की पहल तेजी से हो रही है। इसी उद्देश्य 'काशी तमिल संगमम' की शुरूआत भी की गई है। अब काशी में तमिल भाषा की पाठशाला शुरू होने जा रही है। इसके लिए वाराणसी के पीएम राजकीय क्वींस कॉलेज ने शुरूआत की है। इसके लिए BHU (बनारस हिंदू विश्वविद्यालय) और काशी तमिल संगमम् भी सपोर्ट कर रहा है। तमिल भाषा पढ़ाने वाला यह क्वींस कॉलेज यूपी का पहला संस्थान होगा, जहां पर छात्र तमिल भाषा का भी ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं।

## कृषि मंत्री ने बाबा दरबार में टेका मत्था

● भाईचारे का दिया संदेश शंकराचार्य मामले में चुप्पी साध गए



**वाराणसी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को वाराणसी पहुंचकर काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने देश की सुख-समृद्धि की कामना की और सभी से विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील की। मंदिर में दर्शन के बाद, शिवराज सिंह चौहान ने होली के पर्व पर शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमें एकता और भाईचारे का संदेश देता है, जिससे समाज में प्रेम और सद्भावना का संचार होता है। इस दौरान, शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने विवाद से बचते हुए कोई टिप्पणी नहीं की।

## कांग्रेस के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा ने किया प्रदर्शन



● राहुल गांधी को बताया देशद्रोही

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** भाजपा महिला महानगर अध्यक्ष कुसुम सिंह पटेल एवं जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष विनीता सिंह के नेतृत्व में बुधवार को बड़ी संख्या में महिलाओं ने कांग्रेस एवं राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी महिलाओं ने राहुल गांधी को देशद्रोही और गद्दार बताया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा नम्रता चौरसिया ने कहा एआई समिट के दौरान देश की गरिमा को ठेस पहुँचाने वाले कांग्रेस ने जिस तरह का कृत्य किया वह पूरे देश के लिए शर्मनाक था। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष डॉ. रचना अग्रवाल, महामंत्री साधना सिंह, प्रज्ञा पाण्डेय, किरन मिश्रा, कांति कन्नौजिया, चंद्रकला विश्वकर्मा, गौरी यादव, सीमा यादव, माधुरी गुप्ता, ममता पटेल, अनिशा शाही, मुमताज बानो, अमृता श्रीवास्तव, शिखा, रेखा, सरिता, सुमन, तरुणा आदि मौजूद रहीं।

## बचाव कार्मिकों को मानसिक दृढ़ता का सबक



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** आपातकालीन परिस्थितियों की भयावहता हो या त्योहारों का उल्लास, मानसून की तेज़ बौछारें हों या ठंड की कठोरता— एनडीआरएफ के बचावकर्मी अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की परवाह किए बिना हर परिस्थिति में मानव जीवन की सुरक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहते हैं। बुथधार को वाहिनी मुख्यालय में उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के दिशा-निर्देशन में मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रख्यात मनोवैज्ञानिक एवं मानवर्धन सोशल मीडिया फाउंडेशन की निदेशक डॉ. संहिता चौधरी ने बचाव कार्मिकों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने उनकी समस्याओं और अनुभवों पर विस्तृत चर्चा की।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com




## निगम व जलकल के बजट को हरी झंडी

● मलिन बस्तियों को दी गयी विशेष तवज्जो



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर निगम की कार्यकारिणी ने शहर विकास को नई रफ्तार देने के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित 2533.33 करोड़ रुपये का बजट को हरी झंडी दे दी है । इसमें नगर निगम का 2262.42 करोड़ रुपये तथा जलकल का 275.42 करोड़ रुपये शामिल है। बजट में पहली बार पद्म पुरस्कार विजेताओं और सेवा बस्तियों मलिन बस्तियों के लिए विशेष धनराशि का प्रावधान किया गया है। महापौर अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कार्यकारिणी की बैठक में शहर के विकास का अब तक का सबसे बड़ा खाका खींचा गया।

## फल मंडी रोड पर पौधरोपण शहीद उद्यान पार्क का निरीक्षण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** महापौर अशोक कुमार तिवारी ने बुधवार को सिगरा स्थित फल मंडी रोड पर मुख्यमंत्री ग्रीन रोड्स इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सीएम ग्रिड्स योजना) के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों के क्रम में रोड की पटरियों के किनारे वृहद वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया। इसके पश्चात महापौर ने सिगरा स्थित शहीद उद्यान पार्क पहुंचकर वहां चल रहे पुनर्विकास कार्यों की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया।

## दबे पांव बढ़ रहा है तापमान

**वाराणसी।** बीते चौबीस घंटों में अधिकतम तापमान 30.2°C दर्ज किया गया जो सामान्य से 0.8 डिग्री कम रहा। आर्द्रता न्यूनतम 43 प्रतिशत और अधिकतम 61 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम का रुख बदलाव की ओर पश्चिमी विक्षोभ के असर के बाद ही नजर आएगा। इस दौरान तापमान बढ़ने का सिलसिला जारी रहेगा।

## चंदौली समाचार

### चलती ट्रेन पर चढ़ते समय अधिवक्ता के पिता का फिसला पैर, मौत



**चंदौली।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन पर सवार होते समय पैर फिसलने से एक बुजुर्ग ट्रेन के नीचे गिर गए। ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हो गई। वृद्ध की पहचान वाराणसी के अधिवक्ता सुभाष नंदन चतुर्वेदी के पिता ब्रजनंदन चतुर्वेदी (76) के रूप में हुई। ब्रजनंदन वाराणसी से औरंगाबाद बिहार जाने के लिए निकले थे। जीआरपी पीडीडीयू निरीक्षक ने सुनील कुमार सिंह बताया कि मूल रूप से बिहार के औरंगाबाद जिले के जोकहरी गांव निवासी ब्रजनंदन वाराणसी में बीएचयू में कार्यरत थे। वे वाराणसी के नगवा लंका में आवास बनवाकर रहते थे। उनके बेटे सुभाष नंदन चतुर्वेदी वाराणसी में अधिवक्ता हैं। सुभाष ज्ञानवापी के मामले को भी देख रहे हैं। ब्रजनंदन बुधवार को औरंगाबाद के जोकहरी गांव में रिश्तेदार की तेरही में शामिल होने के लिए घर से निकले थे। ब्रजनंदन सुबह सवा 10 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पहुंचे तब तक डाउन आनंद विहार -पुरी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस दो नंबर प्लेटफॉर्म से चल चुकी थी। चलती ट्रेन में चढ़ते समय उनका पैर फिसल गया और वे ट्रेन के नीचे आ गए। यात्रियों ने शोर मचाया। इसके बाद ट्रेन मैनेजर ने ट्रेन रोकी। इसके बाद आरपीएफ और जीआरपी ने बुजुर्ग को बाहर निकाला लेकिन तब तक ब्रजनंदन की मौत हो गई थी।

## मीरजापुर समाचार

### चंबल एक्सप्रेस में यात्री जहरखुरानी का शिकार

**मीरजापुर।** रेलवे स्टेशन पर चंबल एक्सप्रेस के एक यात्री को अचेत अवस्था में उतारा गया। यात्री के साथ जहरखुरानी की आशंका जताई जा रही है, जिसके बाद उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना हावड़ा से मिर्जापुर आ रही चंबल एक्सप्रेस में हुई। बड़ा बाजार, भदोही निवासी यह यात्री ट्रेन में यात्रा कर रहा था। सुबह ट्रेन के स्टेशन पहुंचने पर सहयात्रियों ने उसे अचेत हालत में देखा। उसकी जेब से हावड़ा से मिर्जापुर तक का टिकट मिला, जिसके आधार पर उसे प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर उतारा गया। सहयात्रियों की सूचना पर राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत यात्री को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों के अनुसार, उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

## सोनभद्र समाचार

### 'महिला सुरक्षा एवं पीड़ित केन्द्रित पुलिसिंग' पर कार्यशाला



**सोनभद्र।** एक निजी होटल में 'महिला सुरक्षा एवं पीड़ित केन्द्रित पुलिसिंग' विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पद्म श्री से सम्मानित डॉ. सुनीता कृष्णन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। डॉ. कृष्णन ने मानव तस्करी, महिला सुरक्षा और पीड़ितों के पुनर्वास से संबंधित विषयों पर विस्तृत व्याख्यान दिया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पीड़ित केंद्रित न्याय प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करना है, जि-सके लिए माननीय मुख्यमंत्री ने 'मिशन शक्ति केंद्र' की स्थापना की है। कार्यशाला में पुलिस अधिकारियों को पीड़ितों के प्रति अपनी सोच बदलने और कानूनों को संवेदनशीलता से लागू करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हैदराबाद से आए विशेषज्ञों द्वारा यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है कि कैसे अपराधी को उसके अपराध का एहसास कराया जाए और पीड़ितों को समाज से अलग-थलग होने से बचाया जाए। प्रशिक्षण के दौरान, धोखाधड़ी और उत्पीड़न जैसे नए अपराध परिदृश्यों पर भी चर्चा की गई। इसमें इंस्टाग्राम, यूट्यूब और ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से महिलाओं को कैसे वश में किया जा रहा है, इस पर विशेष ध्यान दिया गया। तकनीकी प्रगति के कारण उत्पन्न हुई साइबर-सक्षम अपराधों की समस्या पर भी प्रकाश डाला गया।

## सुल्तानपुर समाचार

### मवेशी से टकराकर बाइक सवार बहन की मौत, भाई घायल

**चांदा।** गोपालपुर निवासी सूरजभान (14) बुधवार सुबह करीब आठ बजे बाइक से अपनी बहन योगिता (17) के साथ चांदा बाजार में घरेलू सामान लाने के लिए घर से निकला। रास्ते में ईशीपुर गांव के पास उनकी बाइक एक मवेशी से टकरा गई। इस दुर्घटना में योगिता की मौत हो गई, जबकि सूरजभान घायल हो गया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार किया है। ग्रामीणों के अनुसार बाइक सूरजभान चला रहा था। उसने हेलमेट नहीं पहना था। योगिता बाइक पर पीछे बैठी थीं। दुर्घटना के बाद दोनों को ग्रामीणों ने निजी वाहन से प्रतापपुर कमैचा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां पर चिकित्सक ने योगिता को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर सीएचसी पहुंचे परिजन योगिता का शव लेकर घर चले गए।

## जौनपुर समाचार

### 'परिवार नहीं चाहता मैं दुनिया में रहूं, मरने के बाद मवेशी बेचकर चुका देना मेरा कर्ज'



**जलालपुर (जौनपुर)।** मझगंवा खुर्द गांव में संजय यादव (48) द्वारा खुद को गोली मारकर आत्महत्या करने के मामले में नया मोड़ आ गया है। घटना के बाद संजय के चार वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिनमें उन्होंने अपनी मौत के लिए परिवार को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। करीब सवा दो मिनट के सबसे लंबे वीडियो में संजय यादव भावुक और व्यथित नजर आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 7-8 महीनों से उनका भाई योगेंद्र उर्फ मुन्ना उन पर जानलेवा हमले कर रहा था। संजय ने अपनी पत्नी और बेटे पर भी भाई का साथ देने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने स्पष्ट कहा, 'मैं इन लोगों के जुल्म से तंग आकर जीवन लीला समाप्त कर रहा हूं, प्रशासन इन्हें कड़ी से कड़ी सजा दे।' मौत के मुहाने पर खड़े होकर भी संजय को अपने कर्जदारों की चिंता थी। वीडियो में उन्होंने प्रशासन से मार्मिक अपील की है कि उनके पास दो मवेशी हैं। जिन्हें बेचकर अनिल यादव, राजदेव, शेषनाथ, ओमप्रकाश यादव और सुरेंद्र यादव जैसे लोगों का कर्ज चुका दिया जाए। एक अन्य वीडियो में संजय ने अपने भांजे और सुरेंद्र का मुसीबत में साथ देने के लिए शुक्रिया अदा किया।

## देवरिया समाचार

### रिश्वत मांगने के आरोप में लेखपाल निलंबित

**सलेमपुर।** खतौनी में अंश सुधार एवं नाम संशोधन के मामले में लापरवाही और अनधिकृत धन की मांग के आरोप में एक लेखपाल को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई एसडीएम ने डीएम के आदेश पर की है। लेखपाल पर कार्रवाई के चलते विभाग में हड़कंप मच गया। आरोपी लेखपाल पर पूर्व में भी इस तरह के कई आरोप लग चुके हैं। 30 जनवरी को चांदपलिया गांव के प्रधान प्रतिनिधि अंगद यादव ने डीएम के जनता दर्शन में एक शिकायती पत्र देकर हल्का लेखपाल पर खतौनी में अंश सुधारने के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। पत्र में बताया था कि आवेदन देने के बावजूद खतौनी में अंश सुधार व नाम संशोधन की कार्रवाई लंबित है। लेखपाल द्वारा कार्रवाई के लिए अनधिकृत धन की मांग की जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम दिव्या मित्तल ने प्रकरण की प्रारंभिक जांच एसडीएम दिशा श्रीवास्तव से कराई।

## प्रयागराज समाचार

### दादा-पोते की उम्र में 25 साल का अंतर तो पिता की आयु कितनी, एसआईआर के कमाल से वोटर परेशान




**प्रयागराज।** दादा और पोते की उम्र में 25 साल का अंतर है तो पोते के पिता यानी दादा के पुत्र की आयु कितनी होगी? यह सवाल किसी प्रतियोगी परीक्षा में नहीं पूछा गया बल्कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान तार्किक विसंगति के कारण उपजी एक पहेली है। ऐसी कई पहेलियों का जवाब उन दस्तावेज में है जो अब वोटरों को नोटिस मिलने के बाद जमा करना है। नो मैपिंग और तार्किक विसंगति में 10 लाख 62 हजार 435 मतदाता चिह्नित किए गए हैं। इनमें दो लाख 87 हजार 612 वोटर नो मैपिंग श्रेणी में हैं और बाकी मतदाता तार्किक विसंगति की श्रेणी में शामिल हैं। मंगलवार तक सात लाख 52 हजार 853 मतदाताओं को नोटिस उपलब्ध कराए हैं और इनमें से छह लाख 35 हजार 913 वोटरों की सुनवाई की प्रक्रिया भी पूरी हो गई है। तार्किक विसंगति में उन वोटरों को शामिल किया गया है जिनकी उम्र वोटर लिस्ट में गलत दर्ज हो गई। इस गड़बड़ी को सॉफ्टवेयर ने पकड़ा है और वोटरों को नोटिस जारी कर उनसे आवश्यक दस्तावेज जमा कराए जा रहे हैं। इस गड़बड़ी के कारण कहीं पिता और पुत्र की आयु में केवल 15 वर्ष का अंतर रहा गया हो दादा व पोते की आयु में 25 से 35 वर्ष का अंतर रह गया है।

ऐसे वोटर जिनकी मैपिंग तो हुई है लेकिन उनके पिता के वर्ष 2003 से वर्ष 2025 की निर्वाचक नामावली में नाम की वर्तनी में अशुद्धि होने के कारण पिता का नाम मेल नहीं खा रहा, ऐसे व्यक्ति जिसकी छह वोटरों से मैपिंग हुई है, ऐसे मतदाता जिनकी आयु उनके माता-पिता की आयु से 15 साल से कम है, ऐसे वोटर जिनकी आयु और माता-पिता की आयु में 50 साल से अधिक का अंतर है या ऐसे वोटर जिनकी उम्र और उनके दादा-दादी की उम्र में 40 साल का अंतर है, उन्हें तार्किक विसंगति के कारण नोटिस जारी किया गया है।

## मऊ समाचार

### चार आरोपियों को 3 साल की सजा

**मऊ।** जिले की विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) कोर्ट ने 2008 के एक मामले में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने चार अभियुक्तों को तीन साल के सश्रम कारावास और 6,250 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के तहत सुनाया गया है। इसमें चार अभियुक्तों को तीन साल के सश्रम कारावास के साथ 6,250 रुपये का अर्थदंड भी दिया गया है। यह मामला मुहम्मदाबाद थाने में मु0अ0सं0 534/2008 के तहत दर्ज किया गया था। इसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 307, 504, 506, 323, 452, 427 के तहत आरोप लगाए गए थे। दोषी ठहराए गए अभियुक्तों में प्रेम सागर (पुत्र विश्वनाथ, निवासी सोहरावपुर), सूर्य प्रताप (पुत्र गिरीश चंद्र, निवासी मालव), बैजनाथ (पुत्र लच्छनदेव, निवासी सौसरवा) और मानबहादुर (पुत्र खरपत्तू, निवासी बनउर) शामिल हैं।

## आजमगढ़ समाचार

### 11 नमूने लिए, 13.5 क्विंटल से अधिक मिलावटी खाद्य पदार्थ नष्ट कराए



**आजमगढ़।** होली पर्व के मद्देनजर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने जनपद में सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान खाद्य सामग्रियों के 11 नमूने लिए गए। साथ ही 13.5 क्विंटल से अधिक मिलावटी खाद्य पदार्थ नष्ट कराया।सहायक आयुक्त (खाद्य)-II एवं अभिहित अधिकारी सुशील कुमार मिश्र ने बताया कि सेहदा स्थित पनीर व खोया भंडारण इकाई पर छापा मार गया। यहां आगरा से लाकर संग्रहित किए गए खाद्य पदार्थों में से दो खोया, एक पनीर, एक काजू बर्फी एवं एक स्पेशल बर्फी का नमूना लिया। इस दौरान खाद्य पदार्थ अस्वच्छ परिस्थितियों में मिले। मिलावट की आशंका के चलते लगभग करीब 1,64,400 रुपये का 548 किग्रा खोया, करीब 44,700 रुपये का 149 किग्रा पनीर , करीब 19,200 रुपये का 24 किग्रा काजू बर्फी एवं करीब 99,200 रुपये का 648 किग्रा स्पेशल बर्फी जब्त कर नष्ट कराया गया। वहीं, एक अन्य खाद्य सचल दल द्वारा बोंगरिया बाजार मेंहनगर से बेसन व सरसों के तेल, गोपालपुर व खरिहानी क्षेत्र से खोया, छेना मिठाई और मेंहनगर चौराहे से गुलाब जामुन मिक्स के नमूने लिए गए। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

## बलिया समाचार

### 52 करोड़ से बनेगा मांझी पुल का गाइड बंधा

**बैरिया।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी-छपरा रेलखंड पर बकुलहा-मांझी रेलवे स्टेशनों के बीच नवनिर्मित माझी रेल पुल को सुरक्षित करने के लिए 52 करोड़ रुपये से गाइड बंधा बनाने के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो गई है। विभाग के अनुसार मई से गाइड बंधे का निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। वहीं इस पुल की 61 मीटर लंबाई बढ़ाने का कार्य तेजी से चल रहा है। उत्तर प्रदेश व बिहार के तरफ एक-एक पिलर बढ़ाने के लिए निर्माण कार्य तेजी पर है। पिलर का ऐडवेडमेन्ट बन रहा है। कंट्रक्शन कार्य करा रहे अभियंता शहनवाज का कहना है कि एक पखवाड़े में उत्तर प्रदेश की तरफ के पिलर का कार्य पूरा हो जाएगा। उसके बाद बिहार की तरफ के पिलर के निर्माण कार्य में तेजी आएगा। पहले बनाए गए इस पुल की लागत 206 करोड़ थी। पुल में पिलर की संख्या 19 थी। सुरक्षा कारणों से 36 करोड रुपये की लागत से दोनों तरफ का एक-एक पिलर बढ़ाया जा रहा है।

## गोरखपुर समाचार

### छात्रनेता के घर पर फायरिंग में 'वॉल्थर कनेक्शन'...जांच कर रही पुलिस



**गोरखपुर।** छात्रनेता उज्ज्वल यादव के घर पर फायरिंग में प्रयुक्त जर्मनी निर्मित वॉल्थर गन के इस्तेमाल ने पुलिस की चिंता बढ़ा दी है। गोरखपुर में पहली बार आपराधिक वारदात में इस गन का इस्तेमाल सामने आया है। पुलिस ने वॉल्थर गन समेत दो अवैध हथियार सीज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपियों के पास यह गन कैसे पहुंचा। सूत्रों ने बताया कि वॉल्थर गन की कीमत लगभग दो लाख रुपये है। तस्करी के जरिये इसकी कीमत तीन से 10 लाख रुपये तक पहुंच जाती है। गोरखपुर में इससे पहले कई वारदातों में 38 बोर के रिवाल्वर, 32 बोर, 9 एमएम, 38 बोर और 30 की अवैध पिस्टल (देसी) के इस्तेमाल का मामला सामने आ चुका है। इसके अलावा कार्बाइन (अवैध देसी) तक से वारदातें हुईं। सूत्रों का कहना है कि बिहार के मुंगेर और मध्य प्रदेश के इंदौर के पास से ऐसे अवैध देसी गन आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। अब पहली बार शहर में जर्मनी निर्मित वॉल्थर गन के इस्तेमाल का मामला सामने आया है। आशंका है कि इसे तस्करी के जरिये लाया गया होगा। पुलिस और एजेंसियां अब इस नेटवर्क को खंगालने में जुटी हैं।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, वर्ष 2014 में लालबहादुर हत्याकांड में पुलिस ने माफिया विनोद उपाध्याय की गिरफ्तारी की थी। उस समय एसपी सिटी परेश पांडेय थे। उन्होंने विनोद उपाध्याय की गिरफ्तारी चंपा देवी पार्क के पास की थी। साथ में पांच और आरोपी पकड़े गए थे। इनमें संतोष सिंह, राकेश यादव, राजेश दूबे, गोल्डी तिवारी, मुकेश शुक्ल शामिल थे। विनोद के पास से अंग्रेजी राइफल (लाइसेंसी) बरामद की गई थी। इसके साथ ही पहली बार पुलिस ने चीन निर्मित इंग्लिश पिस्टल भी बरामद की थी।

झांसी के पास अतीक अहमद के बेटे असद और शूटर गुलाम के एनकाउंटर (अप्रैल 2023) के दौरान उनके पास से वॉल्थर पी 88 पिस्टल बरामद हुई थी। उनके पास जर्मनी मेड वॉल्थर पी88 के साथ ब्रिटिश बुलडॉग रिवॉल्वर जैसे घातक हथियार मिले थे।

## भदोही समाचार

### 16 मार्च से शुरू होगी परिषदीय स्कूलों की परीक्षा

**ज्ञानपुर।** जिले में परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा की समय सारिणी जारी हो गई है। 16 से 20 मार्च तक होने वाली परीक्षा में पहली से आठवीं तक के एक लाख 47 हजार बच्चे शामिल होंगे। 31 मार्च को परिणाम आएगा। इसके बाद नया शिक्षण सत्र शुरू होगा। समय सारिणी जारी होते ही शिक्षा विभाग तैयारी में जुट गया है। जिले में 885 प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और कंपोजिट विद्यालय है। इनमें करीब एक लाख 47 हजार छात्र-छात्राएं हैं। अभी हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा, सीबीएसई और संस्कृत बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं। 10 मार्च तक यह सभी परीक्षाएं समाप्त हो जाएंगी। जिसको देखते हुए शिक्षा निदेशालय ने पहली से आठवीं तक की वार्षिक परीक्षा की समय सारिणी को जारी कर दिया। 16 से 20 मार्च तक परिषदीय विद्यालयों में परीक्षा कराई जाएगी। परीक्षा के लिए मॉडल प्रश्न पत्र जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा तैयार कराकर बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) को दिया जाएगा। बीएसए इसका मुद्रण कराकर विद्यालयों में वितरण कराएंगे। कक्षा एक की वार्षिक परीक्षा मौखिक होगी। कक्षा दो से पांच की परीक्षा लिखित और मौखिक दोनों माध्यम से होगी। दो व तीन में इसका अधिभार 50-50 फीसदी होगा। वहीं, कक्षा चार व पांच में क्रमशः 70 व 30 का होगा। लिखित परीक्षा 50 नंबर की होगी। लिखित परीक्षा 2 घंटे की होगी जबकि मौखिक परीक्षा के लिए प्रधानाध्यापक आवश्यकतानुसार समय तय करेंगे। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल का पत्र आते ही बेसिक शिक्षा विभाग ने तैयारी को शुरू कर दिया है। 25 मार्च को कॉपियों को जांचा जाएगा।

## गाजीपुर समाचार

### पोते ने दादा की गर्दन पर चापड़ से वारकर की हत्या, इस वजह से उतारा मौत के घाट



**गाजीपुर।** हमीदपुर गांव में बुधवार की सुबह छत पर राजमिस्त्री अवधेश बिंद (65) का काम कर रहे चचेरे दादा के गर्दन पर चापड़ से वारकर पोते ने हत्या कर दी। ग्रामीणों ने आरोपी पोते को चापड़ सहित पकड़ लिया और पुलिस को सुपुर्द कर दिया। इधर, देर शाम तक मृतक के परिजनों की ओर से मिली तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्जकर पुलिस ने आरोपी पोते को गिरफ्तार कर लिया। हत्या के पीछे रंजीश और एक-दूसरे को नीचा दिखाने की बात परिजनों ने पुलिस को बताई है। कोतवाल रामसजन नागर ने बताया कि हमीदपुर गांव निवासी अवधेश बिंद राजमिस्त्री का काम करते थे। ग्रामीणों ने पूछताछ में बताया कि सुबह वह अपने घर के पास ही एक छत पर राजमिस्त्री का काम कर रहे थे। इसी दौरान चचेरा पोता ने वहां पहुंचा और अचानक जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी चचेरे पोते ने चापड़ से दादा के गर्दन पर वार गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़े।

ग्रामीणों ने चचेरे पोते को पकड़ककर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं घायल को उपचार के लिए एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। परिजनों के रोने- बिलखने से दरवाजे पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। गांव के लोग परिजनों को सांत्वना देकर शांत कराने में जुटे रहे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामसजन नागर ने बताया कि आरोपी पोते को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## लाइफ मंत्र

### पशुपतिनाथ मंदिर का महाभारत से क्या है कनेक्शन, जानें शिव के इस धाम का अनसुना रहस्य

नेपाल में बागमती नदी के किनारे पर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन के बिना केदारनाथ मंदिर की यात्रा अधूरी मानी जाती है। बता दें कि इस मंदिर में पंचमुखी शिवलिंग स्थापित है। इसके दर्शन के लिए श्रद्धालु दूर-दूर से मंदिर पहुंचते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आखिर इस मंदिर को पशुपतिनाथ मंदिर क्यों कहा जाता है।



**केदारनाथ से संबंध**

महाभारत में वर्णित पौराणिक कथा के मुताबिक महाभारत युद्ध में पांडवों द्वारा किए गए नरसंहार से महादेव पांडवों से क्रोधित थे। युद्ध के बाद पाप मुक्ति के लिए पांडवों ने भगवान शिव की खोज की। तो भगवान शिव ने केदारनाथ में एक महिष यानी भैंसे का रूप धारण कर लिया और वह जमीन के अंदर छिप गए। लेकिन महाबली भीम ने महादेव को ढूंढ लिया और पीछे से पकड़कर बाहर खींचने लगे। लेकिन तब भगवान शिव का सिर पशुपतिनाथ में उत्पन्न हुआ था। जहां पर आज पशुपतिनाथ मंदिर स्थापित है। वहीं महादेव के शरीर का अन्य हिस्सा केदारनाथ और अन्य पंच केदार स्थलों पर विभाजित हो गए थे। इसलिए माना जाता है कि केदारनाथ में भगवान शिव के शरीर और पशुपतिनाथ में उनके मुख के दर्शन होते हैं।

**क्यों कहलाते हैं पशुपतिनाथ**

पौराणिक कथा के मुताबिक एक बार भगवान शिव एक हिरण के रूप में हिमालय की गुफा में रहने लगे थे।

उधर मां पार्वती समेत अन्य देवी-देवता भी महादेव की खोज करने लगे। तब उन्होंने पाया कि भगवान शिव जी के एक पशु के रूप में हिमालय की गुफा में रह रहे हैं। तब सभी लोगों ने भगवान शिव से अनुरोध किया कि वह अपने वास्तविक रूप में आएं और सभी प्राणियों के स्वामी बनें। महादेव इस प्रार्थना से प्रसन्न हुए और उन्होंने स्वयं को पशुपतिनाथ के रूप में प्रकट किया।

**प्रचलित है ये कथा**

भगवान शिव के पशुपतिनाथ कहलाने के पीछे एक और पौराणिक कथा है। इस कथा के मुताबिक इस क्षेत्र में कई राक्षसों ने अपना आतंक फैलाया था। जिस कारण मनुष्य से लेकर पशु-पक्षी तक राक्षसों से परेशान थे। तब सभी लोगों ने महादेव से सहायता मांगी। भगवान शिव ने सभी राक्षसों का संहार किया था।

महादेव ने 'सभी जीवों के रक्षक' की भूमिका निभाई थी। इसलिए इस स्थान पर भगवान शिव को पशुपतिनाथ के रूप में जाना गया।

# प्रशासनजी का हरकत में आना



स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए, सभी के लिए भरपूर नींद लेना ज़रूरी बताया गया है। प्रशासन आम तौर पर इस नियम को ईमानदारी से फॉलो करता रहता है। प्रशासन के चारित्रिक गुण जैसे आम तौर पर उदास, निष्क्रिय रहना, सर्दी के मौसम में आंख मीच कर धूप सेंकना, इसमें काफी हाथ बंटाते हैं। प्रशासन हरकत में आ गया है। प्रशासन हरकत में आ जाए और कुछ ठोस न हो, ऐसा नहीं हो सकता। प्रशासन सचमुच हरकत में आ जाए तो बड़े बड़े हलकट भी हिल जाया करते हैं। हवा और पानी की बातें जब ठोस रूप लेने लगें तो नींद भी खुद ब खुद खुलने लगती है। प्रशासन एक बार हरकत में आ जाए, तो सबसे पहले लोकतान्त्रिक परम्परा के अनुसार, कड़क नियमों की परिधि में, अनुशासित नियम और शर्तों के विशेषज्ञों की कमेटी का गठन कर देता है। अच्छी तरह से गठित कमेटी बहुत ज़्यादा सख्ती से घटनाओं का निरीक्षण करती है। प्रकाशित रिपोर्टों में छपे तथ्यों को चश्मा लगाकर गंभीरता से बार बार देखती है। अब उजागर की गई, पहले भुला दी गई समस्याओं को विस्तार से पढ़ती है। प्रशासन के हरकत में आने की सभी प्रशंसा करते हैं सिवाए प्रशासन के। प्रशासन ऐसे ही हरकत में नहीं आता है। यह एक ऐतिहासिक घटना होती है। प्रशासन द्वारा संजीदा कमेटी का गठन करना भी एक ठोस घटना मानी जाती है। बहुस्तरीय तरह की, बड़े आधार वाली कमेटी एक दम से गठित नहीं हो जाया करती। क्षेत्र के कर्मठ, ईमानदार, पारदर्शी, अनुशासित, मेहनती, उच्चस्तरीय, महंगी मनपसंद कुर्सी पर बैठकर उत्तरदायित्व निभाने वाले अधिकारी, शुद्ध विवेक से हरकत में आने का निर्णय लेते हैं तब कहीं जाकर कमेटी गठित की जाती है। कमेटी में हर किसी, छोटे मोटे व्यक्ति को शामिल नहीं किया जा सकता क्यूंकि यह एक पवित्र कार्य की तरह होता है। कमेटी ने ज़िम्मेदारी में गहरे डूबकर कार्य करना होता है इसलिए अतिनिष्ठा से कार्य करने वाले गोताखोर किस्म के चुनिंदा लोग शामिल किए जाते हैं।यही लोग तो ज़मीनी हकीकत को, जांच में शामिल करवा सकते हैं। क्षेत्र वासियों, हवा, पानी बारे महत्त्वपूर्ण राय दे सकते हैं। स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए, सभी के लिए भरपूर नींद लेना ज़रूरी बताया गया है। प्रशासन आम तौर पर इस नियम को ईमानदारी से फॉलो करता रहता है। प्रशासन के चारित्रिक गुण जैसे आम तौर पर उदास, निष्क्रिय रहना, सर्दी के मौसम में आंख मीच कर धूप सेंकना, इसमें काफी हाथ बंटाते हैं। प्रशासन को जगाने में बरसात जैसी कुदरती आपदा बेहद सक्रिय भूमिका अदा कर सकती है। निडर पत्रकारों के कारण भी कभी कभार ऐसा होता है, जो आंखे खोलकर सार्वजनिक मुद्दों के पीछे पड़े रहते हैं और तब तक प्रशासन को जगाए रखते हैं जब तक प्रशासन द्वारा हरकत में आकर उच्च स्तरीय कमेटी गठन की घोषणा नहीं होती। वह बात अलग है कि नई बनी कमेटी कब और कितना सोती है। प्रशासन को शिकायत बिलकुल पसंद नहीं होती। जो लोग बार बार शिकायत करते हैं, ज्ञापन देते हैं, सोशल मीडिया को शिकायत मंच बनाते हैं उन्हें प्रशासन पसंद नहीं करता। शिकायत से पहले तो कार्रवाई का सवाल पैदा नहीं होता। शिकायत के बाद प्रशासन नए अंदाज़ में पसर जाया करता है। आम लोग नहीं जानते कि शिकायत का निबटारा करना प्रशासन को बखूबी आता है। प्रशासन और उसके किसी भी विभाग द्वारा की गई, जांच में जारी की गई क्लीन चिट को, कोई नादान मैला करने की कोशिश करे या पुन जांच की मांग करे तो भी प्रशासन को अच्छा नहीं लगता। इस तरह उसका, वास्तव में हरकत में आना असंभव सा हो जाता है और परेशानी आम लोगों को ही होती है। हरकत में आया प्रशासन ज़िम्मेदारी भरा बयान जारी करता है कि तथ्यों की पुष्टि की जाएगी, हर हालत में, समस्या की जड़ तक पहुंचा जाएगा। सार्वजनिक मसलों का हल ढूंढना प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल कर लिया गया है। प्रशासन जब हरकत में आ जाता है तो दिल करता है, प्रशासन की जगह प्रशासनजी कहना शुरू कर दूं। अब प्रशासनजी हरकत में आ गए हैं तो लगता है कुछ ठोस होने वाला है।


कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
Neelam stone, Pokhraj stone, Panna stone, Manik stone, Moonga stone, Opal stone, Lahsuniya stone, Firoza stone, Gomed Stone, Diamond stone
1 Mukhi Rudraksh, 7 Mukhi Rudraksh, Trijugi Rudraksh, 9 Mukhi Rudraksh, 12 Mukhi Rudraksh, 14 Mukhi Rudraksh, 21 Mukhi Rudraksh, Ganesh Rudraksh, Gauri Shankar Rudraksh
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682




# मिनिमलिज़्म (व्यंग्य)

**अरे यार, कुदरत से प्रेरित होकर इंसान ने ही इतने खूबसूरत रंग बनाए हैं। उन्हें कब पहनेंगे। कलाकारों, डिज़ाइनर्स और तकनीक ने आकर्षक कपड़े सजाए हैं। महिलाओं के लिए तो छोटे से छोटे, मंहगे से महंगे वस्त्र बनाए हैं उनका मज़ा कब लेंगे। अगला जन्म तो सिर्फ ख्याल है, असली ज़िंदगी तो सिर्फ एक बार ही मिलनी है।**

यह शब्द बोलने में अजीब सा है जिसका अर्थ है सादा जीवन व्यतीत करना, केवल ज़रूरी चीज़ों के साथ जीना, गैर ज़रूरी चीज़ों का दबाव हटाना। कम चीज़ों से ज्यादा खुशी मिलती है, ज़िंदगी को अर्थ देती हैं, तनाव कम होता है, ध्यान केन्द्रित रहता है। यह बात आज के विकसित, सुविधावादी युग में सार्थक नहीं लगती। आजकल ऐसा करना तो क्या सोचना भी मुश्किल है। यह तो प्रवचन ही लगता है। अब तो सपने भी ऑनलाइन शापिंग के आते हैं, नए नए स्वाद लुभाते हैं। कहते हैं ज़्यादा चीज़ें अव्यवस्था पैदा करती हैं। चीजों को अनुशासन में रखो, साफ़ सुथरी रखो। उनका नियमित प्रयोग करो। उनका बीमा करवाकर रखो। उनकी देखरेख की ज़िम्मेदारी आपस में बांट कर रखो तो कोई परेशानी नहीं होती। बेचारा बाज़ार दिन रात मेहनत करता है, मार्केटिंग के नए नए तरीके लाता है, नए महंगे चेहरों के साथ विज्ञापन बनवाता है। खूबसूरत मॉडल्स सामान ही सामान खरीदने के लिए उत्प्रेरित करते हैं। यह सब एक बार मिली ज़िंदगी में चीज़ें कम करने के लिए तो नहीं है। फिर प्रेरणा, लालच, ईर्ष्या, द्वेष और प्रतियोगिता का क्या करें। सफल और धन दौलत वालों की मिसाल देकर समझाया जाता है उन्हें देखो कितने कम सामान या कपड़ों में जीवन बिताते हैं यानी एक ही रंग की सात टी शर्ट्स खरीद लो। अरे यार, कुदरत से प्रेरित होकर इंसान ने ही इतने खूबसूरत रंग बनाए हैं। उन्हें कब पहनेंगे। कलाकारों, डिज़ाइनर्स और तकनीक ने आकर्षक कपड़े सजाए हैं। महिलाओं के लिए तो छोटे से छोटे, मंहगे से महंगे वस्त्र बनाए हैं उनका मज़ा कब लेंगे। अगला जन्म तो सिर्फ ख्याल है, असली ज़िंदगी तो सिर्फ एक बार ही मिलनी है। मान लो, अगला जन्म मिला, योनी बदली, गधे बने तो। वस्तुएं कम करने वाले कहते हैं कि इनसे प्राप्त होने वाली खुशी अस्थायी है। अनुभव, लम्बी व स्थाई खुशी देते हैं। शायद इन लोगों को पता नहीं कि जीवन में खुशियांकम हैं और दुःख ज्यादा। मकान, कार, सोना हासिल करने का अनुभव किस अनुभव से कम है।

चौरासी किलोमीटर जाकर स्वादिष्ट खाने का अनुभव ही बरसों नहीं भूलता। कम उपभोग करने वाली जीवन शैली के वकील कहते हैं कि कम चीज़ों वाले ज्यादा शांति और संतुष्टि महसूस करते हैं। घर साफ़ सुथरा शांत दिखता होता है। पूरा ध्यान आपसी रिश्तों पर जाता है। व्यक्ति भावनात्मक ऊर्जा प्राप्त करता है। लेकिन ज़्यादा चीज़ों से घर भरा भरा लगता है, सकारात्मकता आती है कि मैं इतनी चीज़ों का स्वामी हूं। ज्यादा साफ़ सफाई भी तो एक तरह का संक्रमण फैलाती है। घर से बाहर का वातावरण और पर्यावरण तो कूड़ा कचरा पूर्ण ही है न। उन लोगों को क्यूं नहीं समझाया जाता जो नए नए आविष्कार करते रहते हैं। पिछले दिनों मेरी पत्नी सेब काटने की मशीन मंगाने की इच्छा जता रही थी, जिसे मैंने सामान कम करने की शुरुआत मानकर नहीं मंगाया। उनसे वायदा किया कि सेब भी मैं ही काट दिया करूंगा लेकिन बाज़ार में किन्नू और संतरों की भरमार होते ही नया जूसर खरीदना पड़ा क्यूंकि पुराना खराब था। जूसर में रस फलों का निकला, तेल मेरी जेब का और असली चीज़ जो सेहत के लिए लाभदायक होती है यानी फाइबर, कचरा पेटी में गया। शिक्षा यह मिली कि खूब चीज़ों का मैक्सिमम मज़ा लो।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762





मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138


# ज़िंदगी और छुट्टियां



नासमझ लोग आवाज़ उठाते रहते हैं कि एक परिवार से एक ही बंदा सरकारी नौकरी में होना चाहिए। वह बात दीगर है कि ऐसी बातों को मानवाधिकारों का हनन माना जाता है। सरकारी नौकरी करने वाले तो अपने बच्चों को भी ऐसी कोचिंग देते हैं कि वे किसी तरह सरकारी नौकरी में घुस जाएं। एआई से जो मर्ज़ी पूछ लीजिए, तनमन चाही जगहों पर अपनी तस्वीरें बनवा लीजिए लेकिन घुमक्कड़ी का लुत्फ़ उठाने के लिए वहां सशरीर ही जाना पडेगा। उससे पहले माल चाहिए और छुट्टी भी। एक बार मिली ज़िंदगी में सबसे ज़्यादा छुट्टियां सरकारी नौकरी में ही हो सकती हैं। पति या पत्नी सरकारी नौकरी में हों तो किस्मत और जुगाड़ दोनों जेब में रह सकते हैं। पोस्टिंग का प्रबंधन भी हो जाता है। सरकारी नौकरी की तो वाह वाह है जी। आम समाज में उन लोगों की सामाजिक रेटिंग कम रहती है जिनके परिवार से एक भी व्यक्ति सरकारी नौकरी में नहीं होता।

सरकार जी के वश में हो तो सभी को सरकारी नौकरी दे दे और अपने वोट पक्के कर ले। नासमझ लोग आवाज़ उठाते रहते हैं कि एक परिवार से एक ही बंदा सरकारी नौकरी में होना चाहिए। वह बात दीगर है कि ऐसी बातों को मानवाधिकारों का हनन माना जाता है। सरकारी नौकरी करने वाले तो अपने बच्चों को भी ऐसी कोचिंग देते हैं कि वे किसी तरह सरकारी नौकरी में घुस जाएं। निजीकरण के ज़माने में भी सरकारी नौकरी की चाहत कम नहीं होती जी। छुट्टियों का खज़ाना जमा।

आम तौर पर साल के दौरान होने वाली छुट्टियां, ज़िंदगी में बहार की तरह आती हैं लेकिन रविवार को घोषित छुट्टियां पतझड़ सी उदासी लाती हैं। अगर यही अवकाश दूसरे वार को हों तो मौसम सुहाना रहता है। कई बार वैकल्पिक अवकाश भी रविवार को आते रहे हैं जो अनचाही तेज़ बारिश वाले दिन की तरह होते हैं । कई त्योहारों या प्रसिद्ध जन्मदिन का अवकाश, शनिवार या सोमवार को रहता है तो स्थानीय मेला सा लगता है। अगर कोई छुट्टी दूसरे शनिवार को घोषित हो जाए तो इस बात की भी तारीफ़ नहीं की जाती क्योंकि उस दिन पहले ही अवकाश होता है।

इस साल भी राष्ट्रीय अवकाश सिर्फ तीन हैं, धार्मिक और सांस्कृतिक छुट्टियां उन्नीस होनी हैं। एक राज्य में, बावन वीकेंड यानी शनिवार रविवार मिलाकर, एक सौ सत्ताईस अवकाश हैं। दूसरे राज्य में तीन अवकाश ज्यादा हैं। इसके इलावा तीन ऐच्छिक, तेरह आकस्मिक, पंद्रह मेडिकल, तीस अर्जित यानी साल में छ महीने की शानदार छुट्टी। इतनी छुट्टियां हैं कि हर दूसरे दिन दफ्तर जाने की सुविधा है। किसी आम व्यक्ति ने काम से जाना हो तो उसे पहले पता कर लेना चाहिए, फलां कर्मचारीजी आज अवकाश पर तो नहीं।

दो तीन सप्ताह के बाद, तीन दिन का सप्ताहांत भी उपलब्ध है। कुछ छुट्टियां शुक्रवार या शनिवार को भी होती हैं जिनके साथ एक छुट्टी लेकर कई छुट्टियां एक साथ हो सकती हैं। एक छुट्टी ले लेने से चार दिन की छुट्टी हो जाती है और दो लेने से पांच या छ दिन का थका देने वाला आराम।

काफी ज़्यादा समझदार लोगों का सुझाव है कि यदि कोई त्योहार या अवकाश दूसरे शनिवार या रविवार को आ रहा हो, उसकी सरकारी छुट्टी किसी अन्य वार को कर देनी चाहिए, जिस वार को पहले से छुट्टी न हो। सरकार अपने सभी काम समझदारी से करती है, सुबह से शाम तक खूब काम करने वाले कर्मचारियों को मिलने वाली छुट्टियां ही उचित तरीके से नहीं करती। कुछ छुट्टियों का दिन बदल दे तो वोट बैंक ही बढेगा। इस तरह सरकारी राजनीतिक पार्टी, काफी वोटें, आने वाले चुनाव के लिए अपने पक्ष में सुनिश्चित कर सकती है। छुट्टियों का खालिस मज़ा लेने के लिए सरकारी नौकरी में प्रवेश करने की कोशिश करते रहना बहुत जरूरी है।


लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज. वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170